हिंदुस्तान मोटर्स की बीएस-4 की बुकिंग शुरू

एक्स शो रूम कीमत 4.98 लाख

हिंदमोटर/कोलकाता , 1 सितम्बर (नि.स.)। सीके बिड़ला ग्रुप की हिंदमोटर स्थित हिंदुस्तान मोटर्स ने नई बीएस-4 कम्प्लाएंट डीजल टैक्सी की कीमत घोषित कर दी है। कंपनी ने नई नो रिफ्यूजल टैक्सियों की कीमत(एक्स-शो रूम) 4, 97, 996 रुपए तय की है। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि नई टैक्सियों की बुकिंग सोमवार से शुरू हो रही है। कंपनी ने कहा है कि पुरानी टैक्सियों के बदले नई मीटर टैक्सी खरीदने वालों को घोषित कीमत में आकर्षक छूट भी मिलेगी। कंपनी के एमडी व सीईओ उत्तम बोस ने कहा कि नई टैक्सियों को बाजार में उतारना कंपनी के लिए ऐतिहासिक है। कंपनी का लक्ष्य ग्राहकों की जरूरत तथा खरीद झमता के अनुरूप टैक्सी तैयार करना था, जिसे पूरा किया गया है। बोस ने कहा कि पुरानी बीएस-3 टैक्सी को बीएस-4 श्रेणी में तब्दील करने के लिए कंपनी को काफी रकम व श्रम दिवस का निवेश करना पड़ा है लेकिन कंपनी ने इसका असर ग्राहकों पर नहीं पड़ने दिया है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने टैक्सी की गुणवत्ता से समझौता किए बगैर काफी कम कीमत पर एम्बेसेडर एनकोर को ग्राहकों तक पहुंचाने की कोशिश की है। कंपनी के नेशनल सेल्स हेड चंदन बोस ने विभिन्न टैक्सी संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में नई टैक्सी की मूल्य की घोषणा की। नई बीएस-4 टैक्सी के बारे में बंगाल टैक्सी एसोसिएशन के महासचिव बिमल गुहा ने कहा कि पावर स्टीयरिंग व अन्य आधुनिक तकनीकों के यह टैक्सी काफी अच्छी है। नई टैक्सी में ईंधन की खपत से समझौता नहीं किया गया है। टैक्सी से धुआं निकलने की गति व मात्रा पर भी काफी नियंत्रण पाया गया है। कलकत्ता टैक्सी एसोसिएशन के सचिव तारकनाथ बारी ने कहा कि नई बीएस-4 टैक्सी पहले ही बीएस-3 टैक्सी से काफी बेहतर है। शहर में मीटर टैक्सी के लिए बीएस-4 श्रेणी की टैक्सी का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था जो अब पूरा हो रहा है। ज्ञात रहे कि उच्च न्यायालय ने महानगर में बीएस-3 श्रेणी की टैक्सियों के चलने पर रोक लगा दिया था।